उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा के अधिकार (आईपीआर) फार्मास्युटिकल औषधि विकास में एक महत्वपूर्ण मुद्दा हैं, जो कि आमतौर पर दवा कंपनियों और वैज्ञानिकों के लिए एक मान्यता या संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने यह भी बताया कि बौद्धिक संपदा के अधिकार किए गए आविष्कारों या नवीनतम औषधि के लिए विशेष अधिकार सुनिश्चित करते हैं। इसका तात्पर्य है कि जब एक दवा कंपनी नई दवाई का विकास करती है तो बौद्धिक संपदा के अधिकार द्वारा वह उस विशेष औषधि के अधिकारों को प्राप्त करती है, ताकि उसकी नवीनतम औषधि को उसके अलावा कोई अन्य कंपनी विकसित न कर सके। बौद्धिक संपदा के अधिकार उस कंपनी को अपनी निवेश को रिकवर करने और लाभ कमाने की अनुमति देते हैं।इस मौके पर एल्युमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने कार्यशाला के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने हेतु एल्युमनस डॉ. कुमार की सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने विद्यार्थियों को कार्यशाला में प्राप्त जानकारियों को आत्मसात्करने की सलाह दी। आयोजन सचिव व स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेस के निद, 'शक प्रो. सुशील कुमार एवं वर्कशॉप के संयोजक व डीन ऑफ स्टूडेन्ट्स वेलफेयर प्रो. अरूण कुमार मिश्रा ने भी कार्यशाला के उक्त विषय अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार एवं श्री अलंकार श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता वर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में बी.फार्मा. एवं एम. फार्मा. के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

''इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट इन फार्मास्युटिकल ड्रग डेवलपमेंट'' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में ''इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट इन फार्मास्यूटिकल ड्रग डेवलपमेंट'' विषय पर ऑनलाइन माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि औषधि निर्माण के क्षेत्र में कठिन प्रतिस्पर्धा के चलते वैश्विक स्तर पर किए जा रहे शोधों और प्रयासों का बारीकी से अध्ययन करना अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के एम.फार्मा.-2008 बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में प्रोमाटो आईपी (इग्निट योर आईडिया), नाटिंघम, इंग्लैंड के फाउंडर एंड मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार मुख्य वक्ता रहे। डॉ. कुमार ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को फार्मास्यूटिकल ड्रग डेवलपमेंट के सम्बन्ध में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा के अधिकार (आईपीआर)

डॉ. सुनील कुमार

फार्मास्युटिकल औषधि विकास में एक महत्वपूर्ण मुद्दा हैं, जो कि आमतौर पर दवा कंपनियों और वैज्ञानिकों के लिए एक मान्यता या संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने यह भी बताया कि बौद्धिक संपदा के अधिकार किए गए आविष्कारों या नवीनतम औषधि के लिए विशेष अधिकार सुनिश्चित करते हैं। इसका तात्पर्य है कि जब एक दवा कंपनी नई दवाई का विकास करती है तो बौद्धिक संपदा के अधिकार द्वारा वह उस विशेष औषधि के अधिकारों को प्राप्त करती है, ताकि उसकी नवीनतम औषधि को उसके अलावा कोई अन्य कंपनी विकसित न कर सके। बौद्धिक संपदा के अधिकार उस कंपनी को अपनी निवेश को रिकवर करने और लाभ कमाने की अनुमति देते हैं।

इस मौके पर एल्युमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. अनुज श्रीवास्तव ने कार्यशाला के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने हेतु एल्युमनस डॉ. कुमार की सराहना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष व फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने विद्यार्थियों को कार्यशाला में प्राप्त जानकारियों को आत्मसात्करने की सलाह दी। आयोजन सचिव व स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस के निदेशक प्रो. सुशील कुमार एवं वर्कशॉप के संयोजक व डीन ऑफ स्टूडेन्ट्स वेलफेयर प्रो. अरूण कुमार मिश्रा ने भी कार्यशाला के उक्त विषय अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार एवं श्री अलंकार श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता वर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में बी.फार्मा. एवं एम. फार्मा. के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

June 13

4 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 13 जून, 2023

डीएनएस क्रिकेट अकादमी सेमीफाइनल में पहुंची

आइएफटीएम में खेले गए अंडर-19 टी-20 इंटर क्लब क्रिकेट लीग के दो मुकाबले

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आइएफटीएम में चल रहे अंडर-19 टी-20 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच डीएनएस क्रिकेट अकादमी और सांई क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। डीएनएस क्रिकेट अकादमी ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

डीएनएस ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 208 रन बनाए। टीम के लिए शावेज आलम सर्वाधिक 59, जव्वाद अली ने 57, मुहम्मद उस्मान ने 41 और कप्तान शाहनवाज ने 18 रन बनाए। जवाब में उतरी सांई क्रिकेट अकादमी ने 185 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए हर्ष वर्मा ने सर्वाधिक 56, प्रतुल गुप्ता ने नाबाद 55 और सचिन यादव ने 45 रन बनाए। मैन आफ द मैच शावेज आलम को दिया गया। दूसरा मैच आर्यंस क्रिकेट अकादमी और नागपाल क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। आर्यंस ने टास जीत पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 12.5 ओवर में 64 रन बनाकर आलआउट हो गई। टीम के लिए सबसे अधिक शोहित पुष्पक ने 18 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नागपाल की टीम ने आठ ओवर में तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। अंपायर की भूमिका में यूपीसीए के अंपायर सतेंद्र कुमार व शमशाद अल्वी रहे। पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, कुशल पाल, वैभव त्रिवेदी, कपिल, मुहम्मद हसीन, जमाल पाशा, नजाकत अली, सचिन कुमार आदि रहे।



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
मंगलवार
13 जून 2023

03

कॅरियर काउंसिलिंग में अंग्रेजी की अहमियत जानी

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंपोर्टेंस ऑफ इंगलिश कम्युनिकेशन इन कॅरियर काउंसिलिंग विषय पर सत्र का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो.संजीव अग्रवाल ने विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता दयानंद आर्य गर्ल्स पीजी कॉलेज की डॉ.रीना मित्तल रहीं। उन्होंने अंग्रेजी भाषा में संवाद की दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ.प्रदीप कुमार तिवारी समन्वयक रहे।

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ——→

'इंपोर्टेंस ऑफ इंग्लिश कम्युनिकेशन इन करियर काउन्सलिंग' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मेंटरिंग एंड काउन्सलिंग सेल द्वारा स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सहयोग से ''इंपोर्टेंस ऑफ इंग्लिश कम्युनिकेशन इन करियर काउन्सलिंग'' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व स्तर पर बोली तथा समझी जाती है और इस भाषा का व्यवसाय तथा रोजगार के क्षेत्र में भी उपयोग हो रहा है। सेमिनार की मुख्य वक्ता व दयानंद आर्य गर्ल्स पीजी कॉलेज, मुरादाबाद की डॉ. रीना मित्तल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते परिवेश में रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में अनेक चुनौतियां उभर कर सामने आ रही हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए मातृभाषा के अलावा अंग्रेजी भाषा में भी संवाद स्थापित करने में सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। अंग्रेजी भाषा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझना ज्यादा सुगम है। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राज. कुमारी सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. मित्तल का स्वागत करते हुए सत्र के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु उनकी सराहना भी की। कार्यक्रम का संचालन सत्र की संयोजिका डॉ. सारिका दुबे ने किया तथा कार्यक्रम समन्वयक व शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सेमिनार के सफल आयोजन में मेंटरिंग एंड काउन्सलिंग सेल के समन्वयक श्री संजय सिंह, डॉ. भूपेंद्र कौर, सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं श्री पुलकित शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. नितिन कुमार, श्री राहुल कुमार शर्मा समेत कई अन्य शिक्षक व प्रतिभागी 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

आईएफटीएम में इंपोर्टेंस ऑफ इंग्लिश कम्युनिकेशन इन करियर काउन्सलिंग विषय पर सत्र आयोजित

मुरादाबाद (विधान केसरी) आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मेंटरिंग एंड काउन्सलिंग सेल द्वारा स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सहयोग से इंपोर्टेंस ऑफ इंग्लिश कम्युनिकेशन इन करियर काउन्सलिंग विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा विश्व स्तर पर बोली तथा समझी जाती है और इस भाषा का व्यवसाय तथा रोजगार के क्षेत्र में भी उपयोग हो रहा है। सेमिनार की मुख्य वक्ता व दयानंद आर्य गर्ल्स पीजी कॉलेज, मुरादाबाद की डॉ. रीना मित्तल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते परिवेश में रोजगार और उद्यमिता के क्षेत्र में अनेक चुनौतियां उभर कर सामने आ रही हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए मातृभाषा के अलावा अंग्रेजी भाषा में भी संवाद स्थापित करने में सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। अंग्रेजी भाषा के माध्यम से वैश्विक स्तर पर एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझना ज्यादा सुगम है। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की निदेशिका प्रो. राजकुमारी सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. मित्तल का स्वागत करते हुए सत्र के दौरान महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु उनकी सराहना भी की। कार्यक्रम का संचालन सत्र की संयोजिका डॉ. सारिका दुबे ने किया तथा कार्यक्रम समन्वयक व शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। सेमिनार के सफल आयोजन में मेंटरिंग एंड काउन्सलिंग सेल के समन्वयक श्री संजय सिंह, डॉ. भूपेंद्र कौर, सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं श्री पुलकित शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ. नितिन कुमार, श्री राहुल कुमार शर्मा समेत कई अन्य शिक्षक व प्रतिभागी 150 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

June 10



हिन्दुस्तान

मुरादाबाद
शनिवार
10 जून 2023
04

प्रोटोटाइप विषय पर हुई कार्यशाला

मुरादाबाद। आईएफटीएम में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से 'प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास' विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला हुई। विवि के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कहा कि कार्यशाला छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक साबित होगी।' सीटी विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब में आईआईसी सेल के अध्यक्ष अतिप्रिय मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास' विषय पर जानकारी दी।

अंडर-19 और टी-ट्वंटी के हुए रोमांचक मुकाबले

मुरादाबाद। अंडर 19 टी ट्वंटी में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। डीएनएस के गेंदबाज कृष्णा ने चौदह गेंदों में पांच खिलाड़ियों को आउट किदया। अब ग्रुप बी के मैच शुरु हुए हैं। आईएफटीएम के मैदान पर दो मुक़ाबले हुए। पहले मैच में आर्यन्स की टीम महज 49 रन बना आउट हो गई। डीएनएस एकेडमी के कृष्णा ने 2.2 ओवर में पांच खिलाड़ियों को चलता किया। डीएनएस ने मैच जीत लिया। डीएसए सचिव विजय गुप्ता, कोच बदरूद्दीन सिद्दीक़ी, मोहम्मद हसीन मौजूद रहे।

आईएफटीएम के पांच छात्रों का हुआ चयन

मुरादाबाद। आईएफटीएम के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से पांच छात्रों का चयन किया गया। बीटेक, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के दो, एमसीए के एक विद्यार्थी का नोएडा स्थित कंपनी में बी.फार्मा के 2 छात्रों का रूड़की स्थित कंपनी में चयन हुआ। छात्रों की इस सफलता पर कुलसचिव प्रो. सजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई दी।

मुरादाबाद, 10 जून, 2023 दैनिक जागरण 7

डीएनएस क्रिकेट अकादमी और सांई ने जीते मैच

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आइएफटीएम में चल रहे अंडर-19 टी-20 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मैच डीएनएस क्रिकेट अकादमी और आर्यंस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

आर्यंस क्रिकेट अकादमी टास जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 10.2 ओवर में मात्र 49 रन बनाकर आलआउट हो गई। आर्यंस का कोई भी बल्लेबाज़ दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। डीएनएस क्रिकेट अकादमी की ओर से शानदार गैंदबाज़ी देखने को मिली। कृष्णा ने 2.2 ओवर में सिर्फ पांच रन देकर पांच और शाहनवाज व मुहम्मद अरीब ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएनएस ने 3.3 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से मैच जीत लिया। टीम के लिए शाहनवात ने नाबाद 37 रन बनाए। आर्यंस के लिए आशुतोष ने एक विकेट लिया। मैन आफ द मैच कृष्णा को पांच सौ रुपये देकर सम्मानित किया। दूसरा मुकाबला नागपाल क्रिकेट अकादमी और साईं क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। सांई क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 19.3 ओवर में 110 रन बनाए। टीम के लिए गौरव चौहान ने 32 व प्रतुल गुप्ता ने 27 रन बनाए। नागपाल के लिए जतिन कुमार ने तीन और नमन अग्रवाल ने दो विकेट लिए। जवाब में उतरी नागपाल की टीम 17.4 ओवर में 93 रन बनाकर आलआउट हो गई। टीम के लिए इरशाद ने 24 व रहबर खान ने 20 रन बनाए। मैन आफ द मैच गौरव चौहान को दिया गया।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | शनिवार, 10 जून 2023
8

कृष्णा के करिश्मे से डीएनएस गौरव के प्रदर्शन से साईं विजयी

अंडर-19 जोनल टी-20 क्रिकेट लीग के तहत ग्रुप-बी के मुकाबले शुरू

अंडर-19 टी-20 जोनल क्रिकेट लीग की विजेता टीम। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। अंडर-19 टी-20 जोनल क्रिकेट लीग में ग्रुप बी के मुकाबले शुरू हो गए। शुक्रवार को दो मैच आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर खेले गए।

पहले मुकाबले में डीएनएस क्रिकेट एकेडमी ने आर्यंस को हराया। इसमें डीएनएस टीम के गेंदबाज कृष्णा मैच के हीरो रहे। दूसरे मैच में साईं क्रिकेट एकेडमी ने नागपाल एकेडमी को मात दी। इसमें गौरव चौहान ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया।

पहले मैच में आर्यंस एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम ने 10.2 ओवर में महज 49 रन बनाए और ऑलआउट हो गई। आर्यंस टीम का कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। डीएनएस एकेडमी की ओर से गेंदबाज कृष्णा ने 2.2 ओवर में मात्र पांच रन देकर पांच विकेट झटके। उनके अलावा शाहनवाज ओर मोहम्मद अरीब ने दो-दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएनएस एकेडमी ने महज 3.3 ओवर में नौ विकेट से मैच जीत लिया। टीम के लिए शाहनवाज ने ताबड़तोड़ 11 बॉल में सात चौके व एक छक्का लगाकर नाबाद 37 रन बनाए। आर्यंस के लिए आशुतोष ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच गेंद से करिश्मा करने वाले कृष्णा को मिला। उन्हें 500 रुपये देकर सम्मानित किया गया।

दूसरे मैच में साईं क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पूरी टीम 19.3 ओवर में 110 रन बनाकर आउट हो गई। टीम के लिए गौरव चौहान ने सर्वाधिक 32 व प्रतुल गुप्ता ने 27 रन बनाए। नागपाल टीम के लिए गेंदबाज जतिन कुमार ने तीन व नमन अग्रवाल ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नागपाल टीम 17.4 ओवर में 93 रन बनाकर ढेर हो गई।

इरशाद ने 24 व रहबर खान ने 20 रन बनाए। साईं के लिए गौरव चौहान ने तीन, आकाश साहानी, प्रतुल गुप्ता और रितिक ने एक-एक विकेट लिया। इस तरह साईं टीम ने यह मुकाबला 17 रन से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच गौरव चौहान को 500 रुपये देकर सम्मानित किया गया। मैच के दौरान यूपीसीए के अंपायर सतेंद्र कुमार व शमशाद अल्वी रहे। ऑनलाइन स्कोरिंग शिवम शर्मा व ऑफलाइन स्कोरिंग जेपी सिंह ने की।

मैच के दौरान यूपीसीए के निदेशक व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसीन आदि मौजूद रहे।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों को मिली जॉब

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से बी. टैक., कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी. नियरिंग के 02; एमसीए के 01 विद्यार्थी का नोयडा स्थित कम्पनी ''सेटपा इंफोटेक प्रा0 लि0'' एवं बी.फार्मा. के 02 विद्यार्थियों का रूड़की, उत्तराखण्ड स्थित कम्पनी ''जुबिलेंट जेनेटिक्स लि0'' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि भी करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर मिस. शुमाइला अनीस एवं श्री ऋषिकेश के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा एवं फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स एवं फार्मेसी संकाय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट समन्वयक श्री मुमीश कुमार, डॉ. प्रयान्त उपाध्याय एवं डॉ. विजय शर्मा का सहयोग रहा।

आईएफटीएम में ''प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास'' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से ''प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास'' विषय पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक साबित होगी। इस कार्यशाला में 'सीटी विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब में आईआईसी सेल के अध्यक्ष श्री अति प्रिय मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री अति प्रिय ने ''प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास'' विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटोटाइप किसी उत्पाद का एक प्रारंभिक प्रारूप है, जिससे भविष्य के प्रारूप विकसित किए जाते हैं। इंजीनियर और उत्पाद डेवलपर अक्सर किसी नए उत्पाद, सेवा या उपकरण को जारी करने से पहले उसके परीक्षण प्रारूप बनाते हैं। प्रोटोटाइप अंतिम उत्पाद या सेवा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रोटोटाइप विकास किसी उत्पाद का कार्यशील प्रतिरूप विकसित करने की एक प्रक्रिया है। प्रोटोटाइप विकास के माध्यम से उत्पाद के प्रकार को परिभाषित करने और ग्राहकों की आवश्यकताओं, समस्या कथन और उत्पाद के वैचारिक डिजाइन जैसी विभिन्न विशेषताओं को तय करने में मदद मिलती है। बाजार में विशेष स्थान हासिल करने के लिए एक व्यवसायी के पास एक ऐसा उत्पाद होना चाहिए, जो बाजार के मानकों को पूरा करने और उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया हो। उन्होंने यह भी बताया कि प्रोटोटाइप डिजाइन, उत्पादों को बिक्री योग्य बनाने व समय और संसाधनों का उचित निवेश करने से पहले उत्पादों के परीक्षण करने की एक शक्तिशाली प्रक्रिया है।

इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थी लाभन्वित होंगे। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगणों, शिक्षकगणों समेत 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में आईआईसी के समन्वयक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

आईएफटीएम में 'प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास' विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से ''प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास'' विषय पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक साबित होगी। इस कार्यशाला में 'सीटी विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब में आईआईसी सेल के अध्यक्ष श्री अति प्रिय मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री अति प्रिय ने ''प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास'' विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटोटाइप किसी उत्पाद का एक प्रारंभिक प्रारूप है, जिससे भविष्य के प्रारूप विकसित किए जाते हैं। इंजीनियर और उत्पाद डेवलपर अक्सर किसी नए उत्पाद, सेवा या उपकरण को जारी करने से पहले उसके परीक्षण प्रारूप बनाते हैं। प्रोटोटाइप अंतिम उत्पाद या सेवा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रोटोटाइप विकास किसी उत्पाद का कार्यशील प्रतिरूप विकसित करने की एक प्रक्रिया है। प्रोटोटाइप विकास के माध्यम से उत्पाद के प्रकार को परिभाषित करने और ग्राहकों की आवश्यकताओं, समस्या कथन और उत्पाद के वैचारिक डिजाइन जैसी विभिन्न विशेषताओं को तय करने में मदद मिलती है। बाजार में विशेष स्थान हासिल करने के लिए एक व्यवसायी के पास एक ऐसा उत्पाद होना चाहिए, जो बाजार के मानकों को पूरा करने और उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया हो। उन्होंने यह भी बताया कि प्रोटोटाइप डिजाइन, उत्पादों को बिक्री योग्य बनाने व समय और संसाधनों का उचित निवेश करने से पहले उत्पादों के परीक्षण करने की एक शक्तिशाली प्रक्रिया है। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थी लाभन्वित होंगे।

सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगणों, शिक्षकगणों समेत 100 से अधिक छात्रछात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में आईआईसी के समन्वयक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 05 विद्यार्थियों को मिली जॉब

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से बी.टैक., कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के 02; एमसीए के 01 विद्यार्थी का नोयडा स्थित कम्पनी ''सेटपा इंफोटेक प्रा0 लि0'' एवं बी.फार्मा. के 02 विद्यार्थियों का रूड़की, उत्तराखण्ड स्थित कम्पनी ''जुबिलेंट जेनेटिक्स लि0'' में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि भी करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर मिस. शुमाइला अनीस एवं श्री ऋषिकेश के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा एवं फार्मेसी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स एवं फार्मेसी संकाय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट समन्वयक श्री मुमीश कुमार, डॉ. प्रयान्त उपाध्याय एवं डॉ. विजय शर्मा का सहयोग रहा।

June 8

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, गुरुवार, 8 जून 2023 06

आईएफटीएम में स्टार्ट-अप पर सत्र आयोजित

मुरादाबाद। आईएफटीएम विवि. में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा 'स्टार्ट-अप और विधिक एवं नैतिक कदमों की योजना कैसे बनाएं' विषय पर ऑनलाइन प्रणाली से एक सत्र कराया। कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के आयोजन पर शुभकामनाएं दीं। जगदीप कुमार शर्मा मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार, डॉ. हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

4 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 8 जून, 2023

एमपीएस क्रिकेट अकादमी व एसआर ने जीते मैच

जासं, मुरादाबाद : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आइएफटीएम में चल रहे अंडर-19 टी-20 इंटर क्लब क्रिकेट लीग में बुधवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में एमपीएस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 193 रन बनाए। जवाब में उतरी पारकर की टीम नौ विकेट खोकर 110 रन ही बना पाई। मैन आफ द मैच प्रीत सिरोही को दिया गया।

दूसरा मुकाबला आरएसडी क्रिकेट अकादमी और एसआर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। एसआर ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए छह विकेट खोकर 238 रन बनाए। आरएसडी की टीम 109 रन पर ढेर हो गई। मैन आफ द मैच अभय अग्रवाल बने।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | बृहस्पतिवार, 8 जून 2023
6

एमपीएस और एसआर ने जीते मैच

अंडर-19 जोनल टी-20 क्रिकेट लीग के दूसरे दिन पहले मैच में प्रीत सिरोही रहे मैन ऑफ द मैच

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। अंडर-19 टी-20 जोनल क्रिकेट लीग में बुधवार को दो मैच खेले गए। पहले मुकाबले में एमपीएस क्रिकेट एकेडमी ने पारकर एकेडमी को 83 रन से हराया। जबकि दूसरे मैच में एसआर एकेडमी ने आरएसडी को 127 रन से हराया। पहले मैच में प्रीत सिरोही और दूसरे में अभय अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दोनों मुकाबले आईएफटीएम विवि के मैदान पर खेले गए।

पहले मैच में एमपीएस क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 193 रन बनाए। टीम के लिए प्रीत सिरोही ने 30 गेंदों में पांच छक्कों व छह चौकों की मदद से 65 व शिवम गुप्ता ने 18 गेंदों में नाट आउट 34 रन बनाए।

पारकर के लिए गेंदबाजी में विनय ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पारकर की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी। टीम के लिए अरनव ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। एमपीएस के लिए गेंदबाजी में मोहम्मद फाईक ओर मोहम्मद फैजान ने दो-दो विकेट लिए। इस तरह यह मुकाबला एमपीएस ने 83 रन से जीत लिया।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में क्रिकेट में शॉट लगाता बल्लेबाज। संवाद

दूसरे मैच में एसआर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 238 रन बनाए। टीम के लिए अभय अग्रवाल ने 33 गेंद में 8 छक्कों व 11 चौकों की मदद से 96 रन की पारी खेली।

दूसरे छोर से मोहसिन ने 35 बॉल में तीन छक्कों व नौ चौकों की मदद से 69 रन बनाए। आरएसडी के लिए गेंदबाजी में अमन वारसी और संदीप ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरएसडी की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 109 रन ही बना सकी। इसमें अमन वारसी ने 57 गेंद में तीन छक्कों व 13 चौकों की मदद से नाटआउट 86 रन बनाए। एसआर टीम के लिए अभिषेक यादव ओर चरित्र चौहान ने दो-दो विकेट लिए। इस तरह एसआर ने यह मुकाबला 127 रन से जीत लिया। दोनों मैचों में मैन ऑफ द मैच प्रीत सिरोही व अभय अग्रवाल को 500 रुपये की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

मैच में यूपीसीए के अंपायर सतेंद्र कुमार व शमशाद अल्वी रहे। ऑनलाइन स्कोरर शिवम शर्मा व ऑफलाइन स्कोरर जेपी सिंह रहे। मैच के दौरान यूपीसीए के निदेशक व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद शाहिद मौजूद रहे।

''स्टार्ट-अप और विधिक एवं नैतिक कदमों की योजना कैसे बनाएं'' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से ''स्टार्ट-अप और विधिक एवं नैतिक कदमों की योजना कैसे बनाएं'' विषय पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्टार्ट-अप शुरू करने से पहले उत्पाद या व्यवसाय के सभी कानूनी व अन्य नियमावलियों का बारीकी से अध्ययन करने को अत्यंत आवश्यक बताया। इस सत्र में देश भगत यूनिवर्सिटी, मंडी, गोविन्दगढ़, पंजाब में डायरेक्टर आईइडीसी एंड सीईओ टीबीआई के पद पर कार्यरत श्री जगदीप कुमार शर्मा मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री शर्मा ने स्टार्ट-अप में सफलता प्राप्त करने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों के लिए स्टार्ट-अप्स के विषय पर प्राप्त की गई अधिक से अधिक जानकारी उनके भविष्य के लिए लाभदायी साबित होगी। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगणों, शिक्षकगणों समेत 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में आईआईसी के समन्वयक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

खोया-पाया सूचना

मेरे हाई स्कूल वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0660004 तथा इण्टरमीडिएट वर्ष 2011 अनुक्रमंक 0423240 के प्रमाण पत्र खो गये हैं।

अभिषेक कुमार पुत्र भारत सिंह
C/o विनित कुमार
ग्रा0 सन्दलपुर, पो0 हाथीपुर
चन्दू, कुन्दरकी, मुरादाबाद
244413

आईएफटीएम में 'स्टार्ट-अप और विधिक एवं नैतिक कदमों की योजना कैसे बनाएं' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से ''स्टार्ट-अप और विधिक एवं नैतिक कदमों की योजना कैसे बनाएं'' विषय पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्टार्ट-अप शुरू करने से पहले उत्पाद या व्यवसाय के सभी कानूनी व अन्य नियमावलियों का बारीकी से अध्ययन करने को अत्यंत आवश्यक बताया। इस सत्र में देश भगत यूनिवर्सिटी, मंडी, गोविन्दगढ़, पंजाब में डायरेक्टर आईइडीसी एंड सीईओ टीबीआई के पद पर कार्यरत श्री जगदीप कुमार शर्मा मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री शर्मा ने स्टार्ट-अप में सफलता प्राप्त करने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों के लिए स्टार्ट-अप्स के विषय पर प्राप्त की गई अधिक से अधिक जानकारी उनके भविष्य के लिए लाभदायी साबित होगी। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगणों, शिक्षकगणों समेत 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में आईआईसी के समन्वयक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

ग्रामीणों ने की सफाई व्यवस्था बेहतर न होने की शिकायत

चन्दौसी। तहसील क्षेत्र के गांव लहरावन में ग्रामीण द्वारा बेहतर सफाई व्यवस्था न होने को लेकर वीडीओ बहजोई से शिकायत की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में स्वच्छता अभियान के अनुरुप कार्य नहीं किया जा रहा है। कई बार ग्राम प्रधान से भी कह चुके हैं परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। पूरे गांव में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है। गर्मी में लोग मच्छरों से परेशान हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। शिकायतकर्ता सत्यवीर पाल का कहना है कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। उसके गांव इस अभियान को पलीता लगाया जा रहा है।

आईएफटीएम विश्वविद्यालय के 05 विद्यार्थियों को मिली जॉब

युग बन्धु समाचार

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमैंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से बी.टैक., कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के 02; एमसीए के 01 विद्यार्थी का नोयडा स्थित कम्पनी ह्यह्यसेटपा इंफोटेक प्रा0 लि0 एवं बी.फार्मा. के 02 विद्यार्थियों का रूड़की, उत्तराखण्ड स्थित कम्पनी जुबिलेंट जेनेटिक्स लि0 में आकर्षक वेतनमान पर चयन हुआ है। विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सजीव अग्रवाल ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आप सभी पूरे मनोयोग से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते हुए अपनी स्किल क्षमता में निरन्तर वृद्धि भी करते रहें। इस अवसर पर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के निदेशक श्री के.के. बंसल ने उक्त कम्पनियों के एचआर मैनेजर मिस. शुमाइला अनीस एवं श्री ऋषिकेश के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के निदेशक प्रो. राहुल कुमार मिश्रा एवं फामेर्सी संकाय के डीन प्रो. नवनीत वर्मा ने भी चयनित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न कराने में सीनियर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष अग्रवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स एवं फामेंसी संकाय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट समन्वयक श्री मुमीश कुमार, डॉ. प्रयान्त उपाध्याय एवं डॉ. विजय शर्मा का सहयोग रहा। वि0

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

युग बन्धु समाचार

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) की ओर से प्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकास विषय पर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक साबित होगी। इस कार्यशाला में ह्यसीटी विश्वविद्यालय, लुधियाना, पंजाब में आईआईसी सेल के अध्यक्ष श्री अति प्रिय मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता श्री अति प्रिय ने ह्यह्यप्रोटोटाइप/प्रक्रिया डिजाइन और विकासह्लह्ल विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रोटोटाइप किसी उत्पाद का एक प्रारंभिक प्रारूप है, जिससे भविष्य के प्रारूप विकसित किए जाते हैं। इंजीनियर और उत्पाद डेवलपर अक्सर किसी नए उत्पाद, सेवा या उपकरण को जारी करने से पहले उसके परीक्षण प्रारूप बनाते हैं। प्रोटोटाइप अंतिम उत्पाद या सेवा नहीं हैं। उन्होंने बताया कि प्रोटोटाइप विकास किसी उत्पाद का कार्यशील प्रतिरूप विकसित करने की एक प्रक्रिया है। प्रोटोटाइप विकास के माध्यम से उत्पाद के प्रकार को परिभाषित करने और ग्राहकों की आवश्यकताओं, समस्या कथन और उत्पाद के वैचारिक डिजाइन जैसी विभिन्न विशेषताओं को तय करने में मदद मिलती है। बाजार में विशेष स्थान हासिल करने के लिए एक व्यवसायी के पास एक ऐसा उत्पाद होना चाहिए, जो बाजार के मानकों को पूरा करने और उपयोगकताओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया हो। उन्होंने यह भी बताया कि प्रोटोटाइप डिजाइन, उत्पादों को बिक्री योग्य बनाने व समय और संसाधनों का उचित निवेश करने से पहले उत्पादों के परीक्षण करने की एक शक्तिशाली प्रक्रिया है।

इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थी लाभन्वित होंगे। सभी प्रतिभागियों का स्वागत व सत्र का संचालन इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अतानू नाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकगणों, शिक्षकगणों समेत 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अंत में आईआईसी के समन्वयक डॉ. हरप्रीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वि0

6 दैनिक जागरण मुरादाबाद, 7 जून, 2023

पारकर क्रिकेट अकादमी और एमपीएस जीते मैच

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद: डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को आइएफटीएम विश्वविद्यालय में अंडर-19 टी-20 इंटर क्लब क्रिकेट लीग का शुभारंभ हुआ। पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला आरएसडी क्रिकेट अकादमी और पारकर क्रिकेट अकादमी व दूसरा मुकाबला एमपीएस क्रिकेट अकादमी और एसआर क्रिकेट अकादमी के बीच खेले गया।

पारकर क्रिकेट अकादमी ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 192 रन बनाए। टीम के लिए दीपांशु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चार छक्के और आठ 8 चौकों की सहायता से नाबाद 92 और विनय ने 52 रन बनाए। जवाब में उतरी आरएसडी की टीम नौ विकेट खोकर 107 रन बनाकर ढेर हो गई। उधर, एसआर ने टास जीत पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। एमपीएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 199 रन बनाए। टीम के लिए आकिव अंसारी ने सात छक्के और 10 चौकों की मदद से नाबाद 108 और मोहसिन ने 32 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआर की टीम 20 ओवर

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि • जागरण

में 9 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी। टीम के लिए अभय अग्रवाल ने सर्वाधिक 61 व मनी चौधरी ने 53 रन बनाए। अंपायर की भूमिका में यूपीसीए के अंपायर सतेंद्र कुमार व शमशाद अल्वी रहे। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन यूपीसीए के निदेशक विजय गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पूर्व रणजी खिलाड़ी व डीएसए सचिव विजय गुप्ता, क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दीकी, आइपीएल खिलाड़ी मोहसिन खान आदि रहे।

हिन्दुस्तान

मुरादाबाद, बुधवार, 7 जून 2023 06

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विशाल प्रथम

मुरादाबाद। आईएफटीएम में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता में विशाल सागर प्रथम, अर्पित सक्सेना ने द्वितीय, तान्या तृतीय रहीं।

आईएफटीएम में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकानाएं दीं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के सम्बन्ध में जागरूक करने की दृष्टि से आयोजित इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। साथ ही उन्होंने आयोजकों को भविष्य में भी इसी तरह के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करते रहने की सलाह भी दी। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.टेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, द्वितीय वर्ष के छात्र विशाल सागर ने प्रथम स्थान, बी. कॉम (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के छात्र अर्पित सक्सेना ने द्वितीय स्थान एवं बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा तान्या सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आईसीसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आईसीसी के समन्वयक डॉ. हरप्रीत सिंह, आयोजन सचिव डॉ. अनिल कुमार कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती अंखी गुलाटी एवं श्री अंकुर चाहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के समस्त स्कूलों के 95 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

अमर उजाला
amarujala.com
मुरादाबाद | बुधवार, 7 जून 2023
6

पारकर और एमपीएस एकेडमी ने जीते क्रिकेट मैच

आईएफटीएम विश्वविद्यालय में अंडर-19 जोनल टी-20 क्रिकेट लीग का हुआ आगाज

अमर उजाला ब्यूरो

मुरादाबाद। अंडर-19 जोनल टी-20 क्रिकेट लीग का आगाज मंगलवार को हुआ। पहले दिन आईएफटीएम विवि के मैदान पर दो मुकाबले खेले गए।

पहले मैच में पारकर एकेडमी ने आरएसडी टीम को करारी शिकस्त दी। जबकि दूसरा मैच एमपीएस एकेडमी की टीम ने एसआर क्रिकेट एकेडमी से छीन कर अपनी झोली में डाल लिया। पारकर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 192 रन बनाए। टीम के लिए दीपांशु ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 56 बॉल में चार छक्कों व आठ चौकों की मदद से नॉट आउट 92 रन बनाए। दूसरे छोर से विनय ने 52 रन की शानदार पारी खेली।

आरएसडी के लिए अनिकेत कुमार ने दो, प्रसून और सूजल ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरएसडी की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 107 रन ही बना पाई। पारकर के लिए दीपक उपाध्याय ने चार और विनय ने दो विकेट लिए। इस तरह यह मुकाबला पारकर टीम ने 85 रन से जीत लिया। ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले विनय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें 500 रुपये नकद देकर सम्मानित किया।

दूसरा मुकाबला एमपीएस क्रिकेट एकेडमी व एसआर क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। एसआर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग की। एमपीएस के बल्लेबाजों ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 199 रन बनाए। टीम के लिए आकिब अंसारी ने 66 बॉल में नाबाद 108 रन ठोके। उन्होंने अपनी पारी में सात छक्के व 10 चौके जड़े। उनके अलावा मोहसिन ने 32 रन बनाए।

